देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 04.06.2025 समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश में किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
- राज्य में आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए जिलाधिकारियों और मण्डलायुक्तों के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार बढ़ाए गए।
- प्रदेश के सभी राजकीय उच्च शिक्षण संस्थान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ेंगे।
- आई.पी.एल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।

**भ्रश्टाचार–कड़ा प्रहार**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रदेश में किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार, भ्रष्टाचार के खिलाफ कतई न बर्दाश्त करने की नीति पर काम कर रही है और भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई जारी है। हरिद्वार नगर निगम में हुए भूमि खरीद घोटाले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने इसकी जांच विजिलेंस को सौंप दी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के कार्यों के लिये विशेष ऑडिट किया जाएगा। इस बीच, मयूर दीक्षित को हरिद्वार का नया जिलाधिकारी बनाया गया है, वे अभी टिहरी के जिलाधिकारी हैं। वहीं, नितिका खंडेलवाल को नई टिहरी के जिलाधिकारी का पदभार दिया गया है।

**प्रशासनिक अधिकार बढोतरी**

राज्य में आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए जिलाधिकारियों और मण्डलायुक्तों के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार बढ़ा दिए गए हैं। इसके संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। अब जिलाधिकारियों को बीस लाख रुपए से एक करोड़ रुपए तक और मण्डलायुक्तों को एक करोड़ से पांच करोड़ रुपए तक के कार्यों की स्वीकृति का अधिकार दिया गया है।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अधिकारियों के अधिकार बढ़ने से आपदा पीड़ितों को त्वरित राहत मिलेगी और पुनर्निर्माण के कार्यों में तेजी आएगी।

**घोशणा**

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान सड़क दुर्घटना की स्थिति में राज्य के लोक कलाकारों को दुर्घटना बीमा सुविधा दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य के लोक कलाकारों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए इसकी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि संस्कृति विभाग से जुड़े सांस्कृतिक दलों के कार्यक्रमों का आवंटन और भुगतान अब सीधे संस्कृति निदेशालय से किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पारंपरिक लोक संस्कृति, संगीत और कला को बढ़ावा देने वाले कलाकारों के हित में लगातार प्रयास कर रही है।

## समीक्षा

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने देहरादून में कल मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और अधिकारियों के साथ उत्तराखंड की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चौड़ीकरण और एलिवेटेड रोड के सभी प्रस्ताव राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र को भेजे जाएं ताकि स्वीकृति के बाद काम शुरू हो सके। श्री गडकरी ने बताया कि राज्य में कुछ स्थानों पर एलिवेटेड रोड बनाई जाएंगी और राजमार्गों का चौड़ीकरण किया जाएगा। बैठक में रोपवे प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई और श्री गडकरी ने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत 508 किलोमीटर के 20 मोटर मार्गों को डबल लेन करने और उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का अनुरोध किया, जिस पर श्री गडकरी ने सहयोग का आश्वासन दिया।

## एक पेड़ मां के नाम

राज्य के सभी राजकीय उच्च शिक्षण संस्थान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ेंगे, जिसकी शुरुआत कल से होगी। इस संबंध में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और उच्च शिक्षा निदेशक को निर्देश दिए गए हैं। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 5 जून से 31 जुलाई तक प्रदेशभर में सघन पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान पिछले वर्ष 5 जून 2024 को प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया था। डॉ. रावत ने यह भी बताया कि प्रदेश के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रवेशोत्सव और वार्षिकोत्सव का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर प्राचार्यों के रिक्त पद भरने के लिए डीपीसी कराने के निर्देश भी दिए।

## आई.पी.एल फाइनल

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कल रात अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स को छह रन से हराकर आईपीएल 2025 की ट्रॉफी अपने नाम की है। इस जीत के साथ आरसीबी ने 17 साल का खिताबी सूखा खत्म कर दिया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 190 रन बनाए। जवाब में पंजाब की टीम 184 रन ही बना सकी। आरसीबी की ओर से क्रुणाल पांड्या ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। भुवनेश्वर कुमार ने भी दो विकेट लिए, जबकि यश दयाल, जोश हैजलवुड और रोमारियो शेपर्ड को एक–एक सफलता मिली।

## विश्व ओलंपिक दिवस तैयारियां

प्रदेश में 23 जून को विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर भव्य खेल आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने विधानसभा स्थित सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों और उत्तरांचल ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। खेल मंत्री ने कहा कि युवाओं को ओलंपिक खेलों के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से खेल विभाग और ओलंपिक संघ मिलकर यह आयोजन करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला और राज्य स्तर पर कराई जाने वाली खेल प्रतियोगिताओं की रूपरेखा दो दिन के भीतर तैयार की जाए। सभी जिलों में प्रतियोगिताएं आयोजित की करने और एक स्थान पर राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिये गये। श्रीमती आर्या ने जोर देते हुए कहा कि आयोजन से अधिक से अधिक आम लोगों को जोड़ा जाए और इसके लिए प्रचार–प्रसार की व्यापक योजना तैयार की जाए।

**तापमान गिरावट**

उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश और अत्यधिक ऊंचाई वाले हिस्सों में कहीं–कहीं हुई बर्फबारी के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। यमुनोत्री धाम की चोटियों और हेमकुंड साहिब में इस साल की पहली बर्फबारी हुई। इधर, राजधानी देहरादून में कल रात से बारिश का दौर जारी है। इससे कुछ स्थानों में जलजमाव की स्थिति हुई है, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। इस बीच, मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कुछ हिस्सों में आज भी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, ऊंचाई वाले इलाकों में हुई बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्रों में भी दिखाई दे रहा है, जिससे तापमान में गिरावट आई है।

**यातायात प्लान**

हरिद्वार पुलिस ने गंगा दशहरा और निर्जला एकादशी स्नान के लिए यातायात प्लान जारी किया है। आज रात 12 बजे से भारी वाहनों का शहर में प्रवेश बंद रहेगा। यह व्यवस्था 7 जून तक लागू रहेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल के अनुसार, नगला इमरती से वाहनों को डायवर्ट कर बैरागी कैंप पार्किंग और होर्डिंग एरिया में लाया जाएगा। चीला मार्ग ऋषिकेश से सिर्फ एग्जिट के लिए उपयोग होगा। चंडी चौक पर दबाव बढ़ने पर 4.2 डायवर्जन से वन–वे लागू किया जाएगा। देहरादून और ऋषिकेश जाने वाली प्राइवेट बसों को यातायात दबाव की स्थिति में मोहंड के रास्ते भेजा जाएगा।

**एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––**

नगर निगम भूमि घोटाले में हरि्द्वार के जिलाधिकारी, पूर्व नगर आयुक्त, उपजिलाधिकारी समेत सात अधिकारियों को निलंबित करने के खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नगर निगम हरिद्वार में हुए जमीन घोटाले पर सख्त एक्शन, धामी स्ट्राइक्स ऑन करप्शन।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– शासन की कड़ी कार्रवाई, अब तक कुल 12 अफसरों, कर्मचारियों पर गिरी गाज। अमर उजाला लिखता है– विजिलेंस जांच होगी, जमीन की रजिस्ट्री निरस्त, बेचने वालसें से होगी धन की रिकवरी।

आईपीए क्रिकेट प्रतियांगिता में पंजाब को हराकर बेंगलुरू के चैंपियन बनने की ख़बर सभी समाचार पत्रों में है। अमर उजाला ने अपने शीर्षक में लिखा है– आरसीबी चैंपियन, बंगलूरू व विराट का 18 वर्ष का सपना पूरा, पंजाब को 6 रन से हराया।